कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल
KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

पत्रांक – केयू / गोपनीय / 2023 / 1838 दिनांकः 15–11–2023

अति आवश्यक / महत्वपूर्ण

सेवा में,

- परिसर निदेशक, डी0 एस0 बी0 परिसर, नैनीताल।
- परिसर निदेशक, सर जे0सी0 बोस तकनीकी परिसर भीमताल।
- प्राचार्य / निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान, कु0वि0वि0 नैनीताल।

विषय– दिनांक 19 नवम्बर 2023 तक परीक्षा आवेदन पत्रों को पूरित व सत्यापित किये जाने सम्बन्धी।

महोदय / महोदया,

शासन द्वारा निर्गत निर्देशों के क्रम में कुमाऊँ विश्वविद्यालय के अन्तर्गत समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेशित एन0ई0पी0 पाठ्यक्रम व नॉन एन0ई0पी0 पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों की प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा आवेदन पत्र भरने की तिथि 19 नवम्बर 2023 तक विस्तारित की गई है।

उक्त क्रम में आपसे अनुरोध है कि परिसर / महाविद्यालय / संस्थान स्तर पर विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र पूरित कर सत्यापन / शुल्क जमा करवाये जाने की प्रक्रिया को आवश्यक रूप से दिनांक 19 नवम्बर 2023 तक पूर्ण करने का कष्ट करेंगे। उक्त क्रम में कतिपय कारणों से विद्यार्थी द्वारा शुल्क जमा नहीं किया जाता है तो ऐसे विद्यार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित नहीं किया जायेगा तथा विश्वविद्यालय स्तर पर सन्दर्भित विद्यार्थी का शुल्क प्राप्त होने के उपरान्त ही परीक्षाफल घोषित किया जायेगा।

साथ ही उक्त सूचना को अपने स्तर से परिसर / महाविद्यालय / संस्थान में अध्ययनरत प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के मध्य प्रचारित–प्रसारित करने हेतु सम्बन्धितों को निर्देशित करने का कष्ट करेंगे।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि–

1. अपर सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन।
2. निदेशक, उच्च शिक्षा, उच्च शिक्षा निदेशालय, हल्द्वानी।
3. कुलसचिव, कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल।
4. उप कुलसचिव (परीक्षा), कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल।
5. सहा0 कुलसचिव (परीक्षा), कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल।
6. मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, गोपनीय अनुभाग, कु0वि0वि0 नैनीताल।
7. ई0आर0पी0 सैल, कु0वि0वि0 नैनीताल।
8. सम्बद्ध ऐजेन्सी, कु0वि0वि0 नैनीताल।
9. निजी सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

परीक्षा नियंत्रक